कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम—शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788—2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 03/12/2021

गर्ल्स कॉलेज में सेक्टर स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता

शासकीय महाविद्यालय भिलाई–3 विजेता बनी

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा सेक्टर स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में दुर्ग, बेमेतरा और बालोद जिले के 09 शासकीय महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने बताया कि यह प्रतियोगिता नॉकआउट आधार पर खेली गई।

प्रतियोगिता का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने किया। अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने किया। इस प्रतियोगिता में पर्यवेक्षक के रूप में सेठ ब्रदीनाथ शिक्षा महाविद्यालय की क्रीड़ाधिकारी डॉ. अर्चना उपस्थित थी।

प्रतियोगिता का प्रथम सेमीफाईनल शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग एवं शासकीय महाविद्यालय बेमेतरा के मध्य खेला गया जिसमें 24–07 से कन्या महाविद्यालय विजेता रही। द्वितीय सेमीफाईनल में शासकीय महाविद्यालय भिलाई–03 ने शासकीय महाविद्यालय पाटन को 39–17 से परास्त कर फाईनल में प्रवेश किया।

फाईनल मैच में शासकीय महाविद्यालय भिलाई–03 ने शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग को 30–16 से परास्त कर विजेता होने का गौरव हासिल किया।

शासकीय कन्या महाविद्यालय की ओर से शिवानी मंडल, संगीता एवं साक्षी गुप्ता ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। वहीं भिलाई तीन की ओर से हिना पात्रों एवं सुलेखा कुमारी ने बहुत अच्छा खेल अपनी टीमा को विजेता बनाया।

प्रतियोगिता के निर्णायकगण – श्री मनोज पाण्डेय, श्रीमती विमला चंदेल, श्री पुलराम देशमुख, कु. नम्रता पटेल थे।

इस अवसर पर श्री दिनेश नामदेव, श्री प्रमोद यादव, श्री जमाले हुसैन, डॉ. अजय लांजीवार, डॉ. नीलेश तिवारी, डॉ. यशवंत देशमुख, श्री लक्ष्मेन्द्र कुलदीप टीम मैनेजर उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋतु दुबे ने किया। आभार प्रदर्शन डॉ. सुचित्रा खोब्रागढ़े ने दिया। प्रतियोगिता के आयोजन में श्री बल्ला वैष्णव, श्री विजय चन्द्राकर एवं विमल यादव ने सक्रिय सहयोग दिया।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

<u>शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)</u>

गर्ल्स कॉलेज में सेक्टर स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता

शासकीय महाविद्यालय भिलाई–3 विजेता बनी